दिनांक 29.04.2025 की विज्ञापन सं . इसरो :आई.सी.आर.बी.:01(ई.एम.सी.):2025
Advt No. ISRO :ICRB:01(EMC):2025 dated 29.04.2025

**अंतरिक्ष विभाग ,भारत सरकार**
**Department of Space, Government of India**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन [इसरो]**
**INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION [ISRO]**
**इसरो केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड [आई.सी.आर.बी.]**
**ISRO CENTRALISED RECRUITMENT BOARD [ICRB]**

***इलेक्ट्रॉनिकी, यांत्रिक एवं कम्प्यूटर विज्ञान में बी.ई./बी.टेक. अथवा समकक्ष डिग्री के साथ वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की भर्ती***

***RECRUITMENT OF SCIENTIST/ENGINEER `SC' WITH BE/B.TECH OR EQUIVALENT DEGREE IN ELECTRONICS, MECHANICAL AND COMPUTER SCIENCE***

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के केंद्र/यूनिट बड़े पैमाने पर समाज के लाभ के लिए अंतरिक्ष अनुप्रयोग, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास में तथा प्रमोचनयानों एवं संचार/सुदूर संवेदन उपग्रहों की डिजाइन और निर्माण करने के बाद उन्हें प्रमोचित करने में आत्मनिर्भरता प्राप्त करके क्षमता का विकास करते हुए राष्ट्र की सेवा के लिए अनुसंधान और विकास गतिविधियों में संलग्न हैं।

Centres/Units of Indian Space Research Organization/Department of Space are engaged in Research and Development activities in development of Space Application, Space Science and Technology for the benefit of society at large and for serving the nation by achieving self-reliance and developing capacity to design and build Launch Vehicles and Communication/Remote Sensing Satellites and thereafter launch them.

2. भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विज़न एवं निर्देशों के अनुरूप, मिशन मोड में भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए, इसरो में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के रिक्त पदों का एक भाग गेट स्कोर के आधार पर और शेष रिक्तियों को लिखित परीक्षा के आधार पर भरा जाएगा।

In order to accelerate the recruitment process in a mission mode, in line with the vision and directions of the Hon'ble Prime Minister of India, a part of the vacancies of Scientist/Engineer 'SC' in ISRO will be filled up based on GATE score and remaining vacancies based on written test.

3. इसरो के संघटक केंद्रों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (समूह 'क' राजपत्रित पद) की निम्नलिखित रिक्तियों हेतु प्रतिभावान स्नातकों से गेट स्कोर के आधार पर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

Online applications are invited from meritorious graduates for the following vacancies of Scientist/Engineer 'SC' in Level 10 of Pay Matrix to be filled based on GATE Score at constituent ISRO Centres (Group 'A' Gazetted posts), as detailed below:

| पद कोड संख्या<br>Post Code No. | पद का नाम<br>Name of the Post | रिक्तियों की संभावित संख्या<br>Tentative number of vacancies | तैनाती के लिए संभावित केंद्र/यूनिट<br>Tentative Centres/Units of posting |
|---|---|---|---|
| बी.ई./BE 00 1 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (इलेक्ट्रॉनिकी)<br>Scientist/ Engineer 'SC' (Electronics) | 22 | · एच.एस.एफ.सी. एवं यू.आर.एस.सी. – बेंगलूरु<br>HSFC & URSC – Bengaluru<br>· एन.आर.एस.सी. – हैदराबाद<br>NRSC – Hyderabad<br>· सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad<br>· एस.डी.एस.सी. शार – श्रीहरिकोटा<br>SDSC SHAR – Sriharikota<br>· वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram |
| बी.ई./BE 00 2 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (यांत्रिक)<br>Scientist/Engineer 'SC' (Mechanical) | 33 | · एच.एस.एफ.सी. एवं यू.आर.एस.सी. – बेंगलूरु<br>HSFC & URSC – Bengaluru<br>· आई.पी.आर.सी. – महेंद्रगिरि<br>IPRC – Mahendragiri<br>· सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad<br>· एस.डी.एस.सी. शार – श्रीहरिकोटा<br>SDSC SHAR – Sriharikota<br>· वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram<br>· एल.पी.एस.सी. – वलियमला<br>LPSC - Valiamala |
| बी.ई./BE 00 3 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी' (कंप्यूटर विज्ञान)<br>Scientist/Engineer 'SC' (Computer Science) | 8 | · एच.एस.एफ.सी., यू.आर.एस.सी.- बेंगलूरु<br>HSFC, URSC-Bengaluru<br>· एम.सी.एफ. – हासन<br>MCF - Hassan<br>· एन.आर.एस.सी.- हैदराबाद<br>NRSC– Hyderabad<br>· सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad |

**शैक्षणिक अर्हता/Educational qualification:**

<table>
<tr>
<th>वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी'<br>(इलेक्ट्रॉनिकी)<br>Scientist/Engineer ‘SC’<br>(Electronics)</th>
<th>वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी'<br>(यांत्रिक)<br>Scientist/ Engineer ‘SC’<br>(Mechanical)</th>
<th>वैज्ञानिक/अभियंता 'एससी'<br>(कंप्यूटर विज्ञान)<br>Scientist/ Engineer ‘SC’<br>(Computer Science)</th>
</tr>
<tr>
<td>न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-पॉइंट स्केल पर सी.जी.पी.ए. 6.84 के साथ इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष।<br>BE/B.Tech or equivalent in Electronics & Communication Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता</u> : इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: ई.सी.]<br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Electronics & Communication Engineering [Paper Code : EC]</td>
<td>न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-पॉइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ यांत्रिक अभियांत्रिकी में बी.ई/बी.टेक या समकक्ष।<br>BE/B.Tech or equivalent in Mechanical Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता</u> : यांत्रिक अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: एम.ई.]<br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Mechanical Engineering [Paper Code : ME]</td>
<td>न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-पॉइंट स्केल पर सी.जी.पी.ए. 6.84 के साथ कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष।<br>BE/B.Tech or equivalent in Computer Science Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA<br><br><u>गेट अर्हता</u> : कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: सी.एस.]<br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Computer Science & Information Technology [Paper Code : CS]</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="3">नोट: विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की निर्दिष्ट अवधि के अंदर स्नातक पूरा किया होना चाहिए।<br>NOTE: Graduation should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University.</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="3">उपर्युक्त विषयों के अंतर्गत स्वीकार्य बी.ई./बी.टेक. संबद्ध विषयों का उल्लेख एफ.ए.क्यू. में किया गया है।<br>Allied disciplines in BE/B. Tech acceptable under the above disciplines are mentioned in the FAQs.</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="3">जहां कोई विश्वविद्यालय अपनी उपाधि प्रमाणपत्र या समेकित अंक-तालिका में सी.जी.पी.ए. और अंकों की प्रतिशतता दोनों को दर्शाता है, तब कम से कम एक मानदंड (सी.जी.पी.ए. या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए।<br>Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria (either CGPA or percentage) should meet DOS/ISRO’s eligibility norms.</td>
</tr>
<tr>
<td colspan="3">जहाँ कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाणपत्र या समेकित अंक-तालिका में केवल सी.जी.पी.ए. का उल्लेख करता है, तो इस प्रकार दर्शाए गए सी.जी.पी.ए. को अनिवार्य रूप से अं.वि/इसरो के पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए। पात्रता निर्धारित करने के लिए सी.जी.पी.ए. को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है, भले ही</td>
</tr>
</table>

संबंधित विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा कोई रूपांतरण सूत्र निर्धारित किया गया हो। वही मानदंड उन मामलों में आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होते हैं, जहाँ उपाधि प्रमाणपत्र/समेकित अंक-तालिका में केवल अंकों की प्रतिशतता दर्शायी गई हो।

Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in the Degree Certificate /Consolidated Mark-sheet. Rojgar Result RojgarResult.Com

यदि द्वि/समेकित उपाधि कार्यक्रम है/In case of Dual/Integrated Degree programmes:

क) जहां, द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत का अलग-अलग उल्लेख किया गया है, वहां स्नातक स्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता की मान्यता की जाएगी;
Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in the Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/percentage for the graduation level will be reckoned;

ख) जहां, अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू एक समान सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही केवल द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में दर्शाया गया है, वहां अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में दर्शायी अंतिम सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही पात्रता निर्धारण के लिए आधार माना जाएगा;
Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study is only mentioned in the Dual/Integrated Degree Certificate, the final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/Integrated degree Certificate as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;

ग) जहाँ कोई विश्वविद्यालय अपने द्वि/समेकित डिग्री प्रमाणपत्रों में कोई सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, वहाँ संपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू अंतिम/समेकित अंकपत्र के अनुसार संचयी सी.जी.पी.ए./प्रतिशत को अर्हता तय करने के लिए माना जाएगा;
Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in its Dual/Integrated Degree certificates, the cumulative CGPA/percentage as per Final / Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;

घ) उपर्युक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे, भले ही कोई विश्वविद्यालय/संस्था अपने द्वि/समेकित डिग्री प्रमाणपत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निकालने के लिए कोई सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं।
The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual / Integrated Degree certificate

4. आयु सीमा: दिनांक 19.05.2025 को 28 वर्ष। सेवारत सरकारी कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक; बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट के लिए पात्र हैं।

Age limit: 28 years as on 19.05.2025. Serving Govt. employees, Ex-Servicemen; Persons with Benchmark Disabilities are eligible for age relaxation as per Govt. of India orders.

5. महत्वपूर्ण निर्देश: अभ्यर्थियों को गेट - 2024 या गेट – 2025 के वैध स्कोर के आधार पर साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। अभ्यर्थियों के गेट प्रश्न-पत्र और अर्हता डिग्री का विषय तालिका में ऊपरोल्लिखित विषयों के अनुसार होना चाहिए। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने गेट स्कोर (गेट अंक या गेट रैंक नहीं) भरते समय सावधानी बरतें, क्योंकि शॉर्टलिस्ट करने की प्रक्रिया आवेदन पत्र में भरे गए स्कोर के आधार पर होगी। आई.सी.आर.बी. द्वारा अभ्यर्थियों के गेट स्कोर का सत्यापन किया जाएगा। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के दौरान जाँच पर, यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी का गेट स्कोर (जैसा कि उसके द्वारा दर्ज किया है) गलत है, तो आई.सी.आर.बी. के पास अभ्यर्थी के खिलाफ उचित कार्रवाई (आपराधिक कार्यवाही सहित) करने का अधिकार सुरक्षित है।

Important Instructions: Candidates will be Screened-in for Interview on the basis of a valid GATE – 2024 or GATE – 2025 Scores. The GATE paper and the subject of qualifying degree of the candidates must be as per the disciplines mentioned above in the table. Candidates are advised to be careful while filling their GATE Score (not GATE marks or GATE Rank), as the shortlisting will be based on the Score filled in the Application Form. ICRB will be verifying the GATE Score of the applicants. On verification during screening procedure, if it is found that the candidate's GATE Score (as entered by him/her) is false, then ICRB reserves the right to take appropriate action (including criminal proceedings) against the candidate

6. **आवेदन कैसे करें:** ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन इसरो की वेबसाइट पर 29.04.2025 से 19.05.2025 के बीच संचालित किया जाएगा। राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत और अर्हता शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी उल्लिखित प्रक्रिया का पालन कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। **पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थियों को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाना चाहिए।** आवेदन में अभ्यर्थी की ई-मेल आईडी अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19.05.2025 है।

**How to apply:** The application for on-line registration will be hosted in the ISRO website between 29.04.2025 and 19.05.2025. The candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may apply duly following the procedure stated. Applications will be received on-line only. **Upon registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference.** E-mail ID of the applicant is to be given in the application correctly and compulsorily. (Hall tickets / Call letters for written test / interview for those screened-in will be sent by e-mail only). The last date for submitting on-line application is 19.05.2025

**7. अनापत्ति प्रमाण पत्र**: केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि के तहत कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय या जब भी इसरो द्वारा माँगा जाए, संबंधित नियोक्ता से '**अनापत्ति प्रमाण पत्र**' प्रस्तुत करना होगा। हालाँकि, अभ्यर्थी को नियोक्ता को सूचित करते हुए पूर्व अनुमति के साथ ही पद के लिए आवेदन करना चाहिए। पद के लिए आवेदन करने के बाद रोजगार प्राप्त करने/बदलने वाले अभ्यर्थी को नियोक्ता को अपने आवेदन के विवरण की जानकारी देनी होगी और साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से एन.ओ.सी. प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय मूल रूप से एन.ओ.सी. प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यात्रा-भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**No Objection Certificate**: Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit `**No Objection Certificate**' from the employer concerned, at the time of Interview or as and when called for by ISRO. However, the candidate should apply for the post only under intimation to

and with the prior permission of the employer. A candidate who may gain/change employment after applying for the post, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Interview. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Interview, shall not be permitted to appear in the Interview and TA will not be paid.

8. **आवेदन शुल्क** :
**Application Fee**:

i. इसके लिए ₹250/- (मात्र ढाई सौ रुपए) का अप्रतिदेय शुल्क देय होगा। आवेदन शुल्क केवल भारतकोष पोर्टल के जरिए ऑनलाइन माध्यम से ही लिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर भुगतान करने के लिए लिंक दिखाई देगा। शुल्क का भुगतान निम्नलिखित में से किसी भी एक तरीके का उपयोग करते हुए किया जा सकता है:
There is a non-refundable application Fee of ₹250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only). The Application fee will be collected only through Online mode via Bharatkosh portal and the link for making the payment will appear on submission of the online application. The fee can be paid using any one of the following modes:

इंटरनेट बैंकिंग/ Internet Banking
यूनीफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यू.पी.आई.)/Unified Payment Interface (UPI)
डेबिट कार्ड (देशीय)/Debit Cards (Domestic)
क्रेडिट कार्ड (देशीय)/Credit Cards (Domestic)

ii. आवेदन शुल्क का भुगतान किसी अन्य तरीके जैसे नकद प्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनीऑर्डर, आई.पी.ओ. आदि से करने की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में सभी विवरण पूरी तरह से भरने के बाद, अभ्यर्थियों को भुगतान करने के लिए भारतकोष भुगतान गेटवे पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। भुगतान की पुष्टि होने के बाद, अभ्यर्थी को एक पुष्टिकरण संदेश और मेल प्राप्त होगा। आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 21.05.2025 है।
Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) no other mode of payment will be accepted. After completely filling up all the details in the application form, candidates will be redirected to BHARATKOSH payment gateway for making payment. Once the payment is confirmed, the candidate will receive a confirmation message and mail. The last date for payment of application fee is 21.05.2025.

iii. यदि अभ्यर्थी तुरंत आवेदन शुल्क का भुगतान करना चाहता है तो, उसे आवेदन जमा करने पर पंजीकरण संख्या प्रदर्शित करने वाला एक वेबपेज प्रदर्शित होगा। उसी वेबपेज पर, एक “Make Payment” बटन मौजूद है, जिसे अभ्यर्थी क्लिक कर सकता है और बताई गई भुगतान प्रक्रिया का पालन कर सकता है।
If candidate desires to pay application fee immediately then he/she on submitting application will be shown a web page displaying registration number. On the same web page, there exists a “Make Payment” button which the candidate may click and follow the payment process as mentioned.

iv. यदि अभ्यर्थी बाद में आवेदन शुल्क का भुगतान करना चाहते हैं, तो वे आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि यानी 21.05.2025 को या उससे पहले विज्ञापन पृष्ठ पर उपलब्ध “Make Payment” लिंक पर जाकर भुगतान कर सकते हैं। अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या, जन्म तिथि प्रदान करनी होगी और बाद में “Make Payment” बटन पर क्लिक करना होगा और बताई गई भुगतान प्रक्रिया का पालन करना होगा।

If the candidate wants to pay the application fee later, then payment can be made on or before last date of application fee i.e. 21.05.2025 by accessing the "Make Payment" link available in advertisement page. Candidate has to provide Registration number, Date of Birth and later click on the "Make Payment" button and follow the payment process as mentioned.

नोट: (i) हालाँकि इसरो द्वारा लिया जाने वाला आवेदन शुल्क सभी भुगतान विधियों में समान है, लेकिन बैंक शुल्क और कर अलग-अलग हो सकते हैं। इसलिए अभ्यर्थियों को उल्लिखित निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करना आवश्यक है। नेट बैंकिंग और डेबिट कार्डों से भुगतान के मामले में, सफल भुगतान पर अभ्यर्थी को इसरो वेब पोर्टल पर पुनः निर्देशित किया जाएगा और लेनदेन विवरण प्रदर्शित करने वाला एक पृष्ठ दिखाया जाएगा।
Note: (i) Though application fee charged by ISRO is same across the payment modes the bank charges and taxes may vary. Therefore candidates are required to carefully follow the instructions shown. In case of Net banking and debit cards payments, the candidate on successful payment will be redirected to ISRO web portal and shown a page displaying transaction details.

(ii) सम्पूर्ण भुगतान प्रक्रिया के दौरान रिफ्रेश या बैक बटन पर क्लिक न करें, अन्यथा भुगतान प्रक्रिया निरस्त हो जाएगी।
During entire payment processing do not click REFRESH or BACK button, else session will be aborted.

(iii) कृपया भुगतान के तरीके (नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, आदि) के संबंध में बैंकों/भुगतान गेटवे के निर्देशों का पालन करें।
Please follow the instructions of the banks/payment gateways with respect to the mode of payment (net banking, debit/credit cards, etc.,).

(iv) अभ्यर्थी अपने सफल भुगतान के 24 घंटे बाद भुगतान की स्थिति की जाँच कर सकते हैं और विज्ञापन पृष्ठ पर उपलब्ध "Payment Status" लिंक पर जाकर रसीद प्रिंट कर सकते हैं। लंबित लेनदेन या लेनदेन विफलताओं के मामले में अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बैंकों से संपर्क करें और आवेदन शुल्क का सफल भुगतान सुनिश्चित करें।
Candidates can check Payment status after 24 hrs of their successful payment and Print Receipt by visiting "Payment Status" link available in advertisement page. In case of pending transactions or transaction failures candidates are advised to contact their Banks and ensure successful payment of application fee.

9. सभी महिला/अनुसूचित जाति (अ.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.); भूतपूर्व सैनिक [भू.पू.सै.] और दिव्यांग व्यक्तियों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) को आवेदन शुल्क के भुगतान से **छूट** प्राप्त है। हालाँकि, ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थियों को आवेदन के सफलतापूर्वक जमा होने के बारे में सिस्टम द्वारा प्रेषित ईमेल की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी।
All Women/Scheduled Castes (SC)/ Scheduled Tribes (ST); Ex-serviceman [EX] and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates are **exempted** from payment of Application Fee. However, after registration of application on-line, the candidates have to ensure receipt of system generated email regarding successful submission of application.

10. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन जमा करने से पहले ऑनलाइन भरे गए सभी फील्डों की जाँच कर लें। अभ्यर्थी एक ही पद के लिए कई आवेदन जमा करने से **बचें।**
Candidates are advised to check all the fields entered by them online before submitting their applications. Candidates **should avoid** submission of multiple applications for the same post.

11. आवेदन के साथ कोई भी दस्तावेज (जे.पी.जी. प्रारूप में फोटो और हस्ताक्षर तथा पी.डी.एफ. (प्रारूप) में गेट स्कोर कार्ड को छोड़कर) अपलोड नहीं किया जाना है। हालाँकि, अभ्यर्थियों को इसरो द्वारा मांगे जाने पर अर्हता, आयु, श्रेणी, नियोक्ता से एन.ओ.सी. आदि के समर्थन में मूल दस्तावेज जमा करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

NO DOCUMENTS (EXCEPT PHOTO AND SIGNATURE IN JPG FORMAT & GATE SCORE CARD IN PDF (FORMAT) ARE TO BE UPLOADED ALONG WITH THE APPLICATION. HOWEVER, CANDIDATES SHOULD BE READY TO SUBMIT ORIGINAL DOCUMENTS IN SUPPORT OF QUALIFICATION, AGE, CATEGORY, NOC FROM EMPLOYER ETC. AS AND WHEN CALLED FOR BY ISRO.

12. **चयन प्रक्रिया:** निर्धारित अर्हता न्यूनतम आवश्यकता है और यह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए स्वतः ही अर्ह नहीं बनाती है। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन 1:7 के अनुपात में गेट के स्कोर के आधार पर किया जाएगा, न कि गेट के अंकों या गेट की रैंक के आधार पर। ***अभ्यर्थियों का मूल्यांकन निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर किया जाएगा - तकनीकी (शैक्षणिक) ज्ञान [40 अंक], विशेषज्ञता (तकनीकी) क्षेत्र से संबंधित सामान्य जागरूकता [20 अंक]; प्रस्तुति/संचार कौशल [20 अंक]; बोधगम्यता [10 अंक] एवं शैक्षणिक उपलब्धियाँ [10 अंक], कुल 100 अंक।***
अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में कम से कम 60 अंक लाने होंगे और बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) को साक्षात्कार में 50 अंक लाने होंगे। अंतिम पैनल तैयार करने हेतु गेट स्कोर को 50% आधिभार और साक्षात्कार के अंकों को 50% आधिभार दिया जाएगा।

**Selection Process:** The qualification prescribed is the MINIMUM requirement and the same does not automatically make candidates eligible for Interview. Shortlisting of the candidates for Interview in the ratio of 1:7 shall be based on the GATE Scores awarded and not on GATE marks or GATE Rank. ***The candidates will be assessed based on the following attributes, viz. Technical (Academic) knowledge [40 marks], General Awareness in relevance to the area of Specialisation (technical) [20 marks]; Presentation/Communication Skill [20 marks]; Comprehension [10 marks] and Academic achievements [10 marks], totaling to 100 marks.*** Candidates will have to score minimum 60 marks in the Interview and PwBD candidates will have to score 50 marks in the interview. For generation of the final panel, 50% weightage will be given to GATE Scores and 50% weightage to Interview marks.

13. **वेतन एवं भत्ते** : चयनित अभ्यर्थियों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के पद पर नियुक्त किया जाएगा और उन्हें न्यूनतम ₹ 56,100/- प्रतिमाह के मूल वेतन के साथ-साथ उक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता [डी.ए.], मकान किराया भत्ता [एच.आर.ए.] एवं परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारी नई पेंशन योजना/एकीकृत पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे। इसके अलावा, स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायत वाली कैंटीन, सीमित क्वार्टर सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, गृह निर्माण अग्रिम आदि, केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

**Pay and Allowances**: Selected candidates will be appointed as Scientist/Engineer 'SC' in Level 10 of Pay Matrix and will be paid minimum basic pay of ₹ 56,100/- p.m. In addition, Dearness Allowance [DA], House Rent Allowance [HRA] and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the New Pension Scheme/Unified Pension Scheme. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc., are admissible as per Central Government orders.

14. **वृत्तिक उन्नयन** : इसरो अपनी प्रगतिशील 'प्रतिभा पदोन्नति योजना' के तहत वृत्तिक उन्नयन के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जिसमें वैज्ञानिक एवं तकनीकी पदों के संबंध में उच्च स्तर पर पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता पर निर्भर नहीं रखा जाता है। प्रतिभावान अभ्यर्थी "आवधिक प्रतिभा आधारित प्रदर्शन समीक्षा" प्रणाली के माध्यम से पदानुक्रम में आगे बढ़ सकते हैं।

**Career Progression**: ISRO provides excellent opportunities for Career growth under its progressive `Merit Promotion Scheme' wherein Promotion to higher levels is delinked from availability of vacancy in respect of Scientific & Technical posts. Meritorious candidates can rise in hierarchy through the periodic Merit Based Performance Review system.

15. **अन्य शर्तें/अनुदेश :**
**Other Conditions/Instructions**

- दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है।
  The number of vacancies indicated is provisional.
- ये पद अस्थायी हैं, लेकिन इनके जारी रहने की संभावना है।
  The posts are temporary, but likely to continue.
- इसरो के केंद्रों/यूनिटों के विवरण के लिए कृपया http://www.isro.gov.in/isro_centres.html देखें।
  For details of ISRO Centres/Units, please visit http://www.isro.gov.in/isro_centres.html..
- साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्शाए गए शहर से साक्षात्कार स्थल तक सबसे छोटे मार्ग द्वारा आने-जाने के लिए द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी (इस प्रयोजन के लिए पते और शहर में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा)।
  Candidates attending the interview will be reimbursed to and fro second-class/Sleeper class train fare by the shortest route from the city indicated in the on-line application form to the place of interview (change of address and city for the purpose will not be entertained).
- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए आवेदन में दी गई जानकारी के प्रमाण के रूप में सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
  Candidates have to produce all original documents in proof of details furnished in their applications submitted on-line, at the time of interview
- यदि ऑनलाइन दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा तथा यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।
  If any information furnished on-line is found to be false, the candidate will not be interviewed and TA will not be paid.
- इसरो सभी या किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि वह ऐसा चाहे।
  ISRO reserves the right not to fill up all or any of the posts, if it so desires.
- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।
  Only Indian nationals need apply.
- किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी इसरो वेबसाइट पर विज्ञापन के संबंध में अपलोड किए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) का संदर्भ ले सकते हैं, यदि फिर भी कोई संदेह रहता है, तो rmt-icrb@isro.gov.in पर ई-मेल भेजें ।
  In case of any clarification, candidates may refer to the FAQs uploaded in the ISRO website against the advertisement and if the doubt still persists, send e-mail to rmt-icrb@isro.gov.in.
- विज्ञापन में पहले से उपलब्ध जानकारी/अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न तथा निराधार प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए जाएंगे।

Queries about information already available in the Advertisement/FAQs and Frivolous queries will not be replied to.

- **किसी भी प्रकार के संयाचना को अयोग्यता माना जाएगा।**

  **CANVASSING IN ANY FORM WILL BE CONSIDERED AS DISQUALIFICATION.**

- **सरकार कर्मचारियों के बीच लिंग संतुलन बनाए रखने में प्रयासरत है, तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रेरित करता है।**

  **Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**

16. यह सुनिश्चित करना पूर्णतः अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है कि वह अधिसूचित अर्हता मानदंडों को पूरा करता है तथा उसने ऑनलाइन आवेदन जमा करने एवं आवेदन शुल्क जमा करने के लिए निर्धारित प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं एवं समय-सीमा का पूरी तरह से पालन किया है। अधिसूचित प्रक्रियाओं से किसी भी विचलन के परिणामस्वरूप अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और इस मामले पर कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

It is the absolute responsibility of the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria as notified and has fully complied with the procedural requirements and time limits stipulated for submission of on-line application and remittance of application fee. Any deviations from the procedures notified would result in cancellation of candidature and no representation on the matter will be entertained.

17. अभ्यर्थी को आगे सभी पत्राचार केवल उसके पंजीकृत ई-मेल आईडी/ इसरो वेबसाइट के माध्यम से ही किए जाएँगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपने ई-मेल (स्पैम/जंक फ़ोल्डर सहित) की देखते रहें और समय-समय पर इसरो वेबसाइट देखें। इसरो उपर्युक्त रूप से भेजी गई/प्रदान की गई किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस मामले पर किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

All further communications to the candidate shall be through his / her registered e-mail ID / ISRO website only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/ junk folders) regularly and visit ISRO website from time to time. ISRO will not be responsible for non-receipt of any intimation sent / provided as aforesaid, and no representation on the matter will be entertained.

18. महत्वपूर्ण तिथियां/Important dates to remember: -

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की आरंभ तिथि<br>Opening date for on-line registration | - | 29.04.2025 |
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि<br>Closing date for on-line registration | - | 19.05.2025 |
| शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि<br>Last date for payment of fee | - | 21.05.2025 |

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए इसरो वेबसाइट**
**www.isro.gov.in देखें।**
**VISIT OUR WEB-SITE www.isro.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**

******************